# जम्मू–कश्मीर : तथ्य समस्या एवं समाधान

## //प्रतिवेदन//

बिलासपुर विश्वविद्यालय एवं पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 28 से 29 नवम्बर 2017 तक 'जम्मू–कश्मीर : तथ्य, समस्या एवं समाधान' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बिलासपुर विश्वविद्यालय के बिलासा सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 28 नवम्बर 2017 को प्रातः 10:30 बजे उद्घाटन समारोह के रूप में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री माननीय कुलपति, हिमांचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. जी.डी.शर्मा, माननीय कुलपति, बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.), विशिष्ट अतिथि प्रो. एन.पी. दीक्षित माननीय कुलपति, दुर्ग विश्वविद्यालय दुर्ग (छ.ग.) एवं श्री आशुतोष भटनागर, निदेशक, जम्मू–कश्मीर अध्ययन क्षेत्र, नई दिल्ली उपस्थित रहें।

इस कार्यशाला में डॉ. राजकुमार सचदेव, कुलसचिव, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर एवं डॉ. इन्दु अनंत, कुलसचिव, बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर सहित अन्य अधिकारी, प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रथम दिवस अपने उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

दिनांक 28 नवम्बर 2017 को सायं 4:30 बजे समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री बद्रीधर दीवान माननीय उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा। अध्यक्ष, प्रो. बी.जी.सिंह, माननीय कुलपति, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि प्रो. अंजिला गुप्ता, माननीय कुलपति, गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं प्रो. एस.के.पाण्डेय, माननीय कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर उपस्थित रहें।

कार्यशाला में जम्मू–कश्मीर से संबंधित विभिन्न समस्याओं से सभा में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया। विशेषज्ञों द्वारा सभी मुख्य तथ्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कार्यशाला के अंत में संबंधित समस्याओं का उचित समाधान भी बताया गया।

सहसंयोजक